हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 21 जनवरी 2026

06 जिले में लगाया जाएगा तीन दिवसीय प्रशिक्षण ...




07 10 दिन में टांय-टांय फिस्स हुआ पॉलीथिन...





## खबर संक्षेप

### सीहोर क्लब टेनिस कोर्ट का आज लोकार्पण करेंगे कलेक्टर

**सीहोर।** 21 जनवरी दिन बुधवार को सुबह 7.30 बजे सीहोर क्लब के जीर्णोद्धार किये गए टेनिस कोर्ट का लोकार्पण जिला कलेक्टर एवं क्लब के अध्यक्ष बालागुरु के. द्वारा किया जाएगा। क्लब के महासचिव शैलेंद्र पहलवान ने बताया कि यह क्लब लगभग 115 वर्ष पुराना है। पहले इस क्लब का नाम संस्थापक तत्कालीन पॉलिटिकल एजेंट डब्ल्यूएस डेविस के नाम पर रखा गया था। बाद में यह सीहोर क्लब के नाम से जाना जाने लगा। टेनिस कोर्ट का जीर्णोद्धार मध्यप्रदेश खेल विभाग के सौजन्य से दिल्ली की सिनकोट्स इंटरनेशनल कंपनी ने लगभग डेढ़ माह में किया है। यह कोर्ट अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप बनाया गया है। श्री पहलवान ने बताया कि सीहोर में राज्य स्तरीय टेनिस टूर्नामेंट कराने के प्रयास किए जाएंगे।

### 30 जनवरी को मनाया जाएगा मद्य निषेध संकल्प दिवस

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी के अवसर पर मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं तथा समाज के सभी वर्गों में बढ़ती हुई मद्यपान तथा मादक पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति की रोकथाम करना और इनसे होने वाले दुष्परिणामों के प्रति युवाओं और समाज को जागरूक करना है। इस अवसर पर स्कूल, कॉलेज, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, स्थानीय निकाय एवं स्वैच्छिक संस्थाओं में सेमिनार, वर्कशॉप, रैली, प्रदर्शनी, वाद-विवाद, निबंध लेखन, मानव श्रृंखला, पोस्टर प्रतियोगिता, नाटक, गीत, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सभाएं आयोजित की जाएंगी और नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया जाएगा। मद्य निषेध संकल्प दिवस पर मादक पदार्थों तथा मदिरा पान त्यागने के लिए युवाओं एवं आमजनों को संकल्प दिलाया जाएगा और उनसे संकल्प पत्र भी भरवाया जाएगा, ताकि प्रदेश तथा जिले में नशा मुक्ति का वातावरण निर्मित किया जा सके।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 23 जनवरी को होगी

**सीहोर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक अब 23 जनवरी को दोहपर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। पहले यह बैठक 21 जनवरी को होनी थी, पर 21 जनवरी को कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस होने के कारण अब 23 जनवरी को होगी। बैठक में शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विद्युत मंडल विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, कृषि विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों एवं गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।

### राज्यपाल जनजातीय विकास सशक्तिकरण सम्मेलन में हुए शामिल

# हमें अपनी संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों का संरक्षण करते हुए आगे बढ़ना होगाः राज्यपाल

राज्यपाल पटेल ने यह विचार मंगलवार को सीहोर जिले की भैरूंदा तहसील के ग्राम मोगराखेड़ा में आयोजित जनजातीय विकास सशक्तिकरण सम्मेलन में व्यक्त किए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर






राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि शिक्षा ही बदलाव की सशक्त बुनियाद है। शिक्षा के माध्यम से ही परिवार, समाज और देश के विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रत्येक बच्चे-चाहे वह बालक हो या बालिका-को शिक्षा के समान अवसर मिलना चाहिए। शिक्षित बच्चे ही एक मजबूत, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की नींव रखते हैं।

राज्यपाल श्री पटेल ने यह विचार मंगलवार को सीहोर जिले की भैरूंदा तहसील के ग्राम मोगराखेड़ा में आयोजित जनजातीय विकास सशक्तिकरण सम्मेलन में व्यक्त किए। राज्यपाल मंगुभाई पटेल का परंपरागत जनजातीय रीति-रिवाजों एवं लोक परंपराओं के अनुरूप आत्मीय स्वागत किया गया। सम्मेलन में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने जनजातीय समुदाय के नागरिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ हमें अपनी संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों का संरक्षण करते हुए आगे बढ़ना होगा। स्वामी विवेकानंद के प्रेरक कथन "उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए" का उल्लेख करते हुए उन्होंने सभी से सतत प्रयास और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। राज्यपाल श्री पटेल ने नशे को व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक बताते हुए कहा कि नशा व्यक्ति को आर्थिक और सामाजिक रूप से खोखला कर देता है तथा देश के विकास में भी बाधक बनता है। उन्होंने नागरिकों से नशा त्याग कर स्वस्थ, सक्षम और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में सहभागी बनने की अपील की। उन्होंने जनजातीय समुदाय के महान नायक भगवान बिरसा मुंडा के त्याग और बलिदान का स्मरण करते हुए बताया कि गुजरात के एकता नगर में भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है, जिसका लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। राज्यपाल ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान भगवान बिरसा मुंडा के सपनों को साकार करने का प्रयास है, जिसके माध्यम से जनजातीय समुदायों को शासन की योजनाओं और सेवाओं से जोड़कर सशक्त बनाया जा रहा है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सरकार जनजातीय समुदाय को सशक्त और समर्थ बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, स्वच्छता, सड़क और कनेक्टिविटी सहित विकास की सभी आवश्यकताओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। उन्होंने जनजातीय समुदाय के नागरिकों से आह्वान किया कि वे शिक्षित और जागरूक बनें, शासन की योजनाओं का पात्रतानुसार स्वयं लाभ लें और दूसरों को भी लाभ दिलाने में सहयोग करें।

राज्यपाल ने सिकल सेल को एक गंभीर अनुवांशिक बीमारी बताते हुए कहा कि यह जनजातीय समुदाय के विकास में बड़ी बाधा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस रोग को वर्ष 2047 तक समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय मिशन प्रारंभ किया है, जिसका शुभारंभ वर्ष 2023 में शहडोल जिले से किया गया था।

उन्होंने विवाह पूर्व सिकल सेल की जांच कराने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि भविष्य की पीढ़ियों को इस बीमारी से बचाया जा सके। कार्यक्रम में राज्य जनजातीय वित्त विकास निगम अध्यक्ष निर्मला बारेला ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में समापन पर सुनील बारेला ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष मंजू अवध पटेल, जनपद सदस्य मेहरबान सिंह, सरपंच फिरका कैलाश बारेला, कलेक्टर बालागुरू के., एसपी दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, एसडीएम सुधीर कुशवाह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे।

### नवनिर्मित पंचायत भवन का अवलोकन

राज्यपाल पटेल ने ग्राम मोगराखेड़ा में नवनिर्मित पंचायत भवन का अवलोकन किया तथा सभाकक्ष में महिला पंचों के साथ गांव की विकास गतिविधियों पर चर्चा की। उन्होंने ग्राम पंचायत के समग्र विकास के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। उन्हें बताया गया कि यह पंचायत पूर्णतः महिला प्रतिनिधित्व वाली है, जहां सरपंच सहित सभी पंच महिलाएं हैं और सभी निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। राज्यपाल ने इसे महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

## भ्रष्टाचार की जांच या बचाने की कोशिश, बिजली कंपनी के डीई पर लगे थे एक करोड़ के राजस्व घाटे के आरोप, 14 महीने बाद भी कार्रवाई शून्य

### जांच अधिकारी बोले, एक महीने पहले ही सौंप दी रिपोर्ट

**सीहोर।** सरकारी तंत्र में रसूखदार अफसरों पर कार्रवाई की रफ्तार कितनी धीमी होती है, इसका जीता-जागता उदाहरण बिजली कंपनी के विजलेंस विभाग में पदस्थ डीई अमित राय का मामला है। नवंबर 2024 में हुए भ्रष्टाचार की शिकायतों पर अब 2026 में भी 'कछुआ चाल' से जांच चल रही है। गंभीर आरोपों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना, विभाग की कार्यप्रणाली और जांच दल की विश्वसनीयता पर बड़े सवाल खड़े कर रहा है।

बता दें इंडियन वेलफेयर सोसायटी ने डीई अमित राय के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि उन्होंने नवीन विकसित कॉलोनियों के विद्युतीकरण कार्य में पद का दुरुपयोग करते हुए कॉलोनियों का क्षेत्रफल कागजों पर कम दिखाया। इस साठगांठ के चलते सात प्रमुख कॉलोनाइजरों को सीधा फायदा पहुंचाया गया और बिजली कंपनी को करीब एक करोड़ रुपये के राजस्व की चपत लगाई गई। इस गंभीर शिकायत के बाद तत्कालीन एसई राकेश नायक ने जांच के निर्देश दिए थे।

**14 महीने बाद सौंपी रिपोर्ट, अब वरिष्ठों के पाले में गेंद :** हैरानी की बात यह है कि 2024 के अंत में शुरू हुई जांच को पूरा होने में एक साल से ज्यादा का समय लग गया। मामले में जांच अधिकारी राजन मिश्रा का कहना है कि उन्होंने निष्पक्ष जांच पूरी कर ली है और लगभग एक महीने पहले अपनी रिपोर्ट वरिष्ठ कार्यालय को सौंप दी है। अब आगे का निर्णय और कार्रवाई वरिष्ठ कार्यालय के स्तर पर लंबित है।

### सिस्टम की सुस्ती से उठ रहे सवाल

अधिकारी अमित राय वर्तमान में सीहोर में ही विजिलेंस विभाग में पदस्थ हैं। ऐसे में भ्रष्टाचार के आरोपी का खुद विजिलेंस में रहना और जांच रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई न होना, विभाग की मंशा पर संदेह पैदा करता है। जानकारों का कहना है कि जब घूसखोरी और राजस्व हानि जैसे मामलों में इतनी देरी की जाती है तो इससे न केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है, बल्कि शिकायतकर्ताओं का व्यवस्था से भरोसा भी उठता है।

## आत्महत्या प्रयास मामलाः थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग को लेकर करणी सेना ने सौंपा ज्ञापन

### तीन युवकों और थाना प्रभारी पर आरोप लगाते हुए खाया था जहर, वायरल हुआ था वीडियो



**सीहोर।** जावर में शिशुपाल सिंह ठाकुर द्वारा प्रताडन्ना से तंग आकर आत्महत्या के प्रयास के मामले में अब आक्रोश बढन्ने लगा है। मंगलवार को बड़ी संख्या में करणी सैनिकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। करणी सेना ने जावर थाना प्रभारी नीता देअरवाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने और उचित कार्रवाई करने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो उग्र विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

गौरतलब है कि करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर के करीबी और जावर निवासी शिशुपाल सिंह ने पिछले दिनों जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। वर्तमान में उनका इंदौर के अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जहर खाने से पहले शिशुपाल ने एक भावुक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था, जिसमें उन्होंने तीन स्थानीय युवकों अंकुश सिंह मेहतवाड़ा, रितेश बागवान और बाबू मोगिया सहित जावर थाना प्रभारी नीता देअरवाल पर मानसिक प्रताडन्ना और अपमानित करने के आरोप लगाए थे।

### पिता के सामने किया अपमानित

वायरल वीडियो में शिशुपाल ने आरोप लगाया था कि एक विवाद की शिकायत करने जब वे थाने पहुंचे तो पुलिस ने उनकी सुनवाई नहीं की। उल्टा रात के समय थाना प्रभारी उनके घर पहुंचीं और उन्हें धमकाया। शिशुपाल के अनुसार टीआई ने उनके पिता के सामने उन्हें बेइज्जत किया और उनके व्यवसाय (ढाबा) को बंद कराने की धमकी दी। इसी अपमान से आहत होकर उन्होंने कैमरे के सामने ही जहर पी लिया।

### करणी सेना की चेतावनी

करणी सैनिकों का कहना है कि पुलिस केवल आम लोगों पर कार्रवाई कर रही है, जबकि असली प्रताडन्ना का आरोप थाना प्रभारी पर है।

उन्होंने मांग की है कि जब तक थाना प्रभारी को हटाया नहीं जाता तब तक निष्पक्ष जांच संभव नहीं है। ज्ञापन सौंपने के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को जल्द ठोस कदम उठाने की चेतावनी दी है।

## शिक्षा की आड़ में हैवानियत का खेल, 70 साल के बुजुर्ग ने मासूम से 6 बार किया दुष्कर्म, अब सलाखों के पीछे!

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को शिकायत के आधार पर 70 वर्षीय आरोपी चंद्रभान त्रिपाठी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

13 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह आरोपी चंद्रभान त्रिपाठी (निवासी रफीकगंज) से पढ़ने जाती थी। घटना एक कमरे में हुई। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने पिछले छह महीनों में छह बार उसके साथ दुष्कर्म किया और कई बार छेड़छाड़ भी की। यह घटना 29 जून 2025 से 29 दिसंबर 2025 के बीच की बताई जा रही है। पीड़िता ने बताया कि हाल ही में आरोपी उसे मंदिर के पास एक कमरे में ले गया था। वहां उसने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। हालांकि, अन्य बच्चों के वहां आ जाने के कारण वह अपने मंसूबों में सफल नहीं हो पाया। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी चंद्रभान त्रिपाठी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 65, 351 (2), 74, 127 (2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5L, 5F/6, 9f/10 के तहत मामला दर्ज किया है।

**आशंका- अन्य नाबालिग भी शिकार हुई :**एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक दुष्कर्म और एक छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी की उम्र 70 साल से अधिक है। सूत्रों के अनुसार, आरोपी चंद्रभान त्रिपाठी कई साल पहले उत्तर प्रदेश से सीहोर आकर रहने लगा था।

पुलिस को आशंका है कि अन्य नाबालिग लड़कियां भी उसकी शिकार हुई हैं और वे भी अब शिकायत दर्ज करा सकती हैं। हालांकि, कुछ लड़कियां बदनामी के डर से सामने आने में हिचकिचा रही हैं। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## डर के साए में किसानः कई गांवों में तेंदुए का आतंक, वन विभाग की सुस्ती से किसान नाराज

### मुख्यालय के नजदीकी गांव के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों तेंदुए की दहशत इस कदर हावी है कि किसानों का खेतों पर जाना दूभर हो गया है। ग्राम चंदेरी, रामखेड़ी, ताकीपुर और पिपलिया मीरा के किसान पिछले एक महीने से तेंदुए की मौजूदगी के कारण दहशत के साये में जी रहे हैं। वन विभाग की कथित लापरवाही से नाराज होकर किसानों ने समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

बता दें वर्तमान में गेहूं की फसल की सिंचाई का काम जारी है। सिंचाई के लिए किसानों को अक्सर रात के समय खेतों पर जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में तेंदुए और बाघ की आहट के कारण अब अकेले खेत पर जाना जान जोखिम में डालने जैसा है। किसानों का कहना है कि अगर हम डर के मारे खेत पर नहीं जाएंगे तो हमारी फसल सूख जाएगी और परिवार भूखा मरेगा और अगर खेत पर जाते हैं तो खूंखार जानवर का डर है।

### वीडियो के बाद भी विभाग की नींद नहीं खुली

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले एक महीने से लगातार चंदेरी और रामखेड़ी जैसे गांवों में तेंदुए के पदचिह्न देखे जा रहे हैं। हद तो तब हो गई जब हाल ही में शाम करीब 4 बजे एक तेंदुआ प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दिया, जिसका वीडियो भी ग्रामीणों ने बनाया है। साक्ष्य मौजूद होने के बावजूद वन विभाग द्वारा अब तक तेंदुए को पकडन्ने के लिए पिंजरा लगाने या कोई ठोस रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने जैसे कदम नहीं उठाए गए हैं।

### किसानों ने किया प्रदर्शन, दी चेतावनी

वन विभाग की इसी निष्क्रियता से आक्रोशित होकर बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान सडक़ पर उतरे। समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने कहा कि प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही वन विभाग की टीम ने सक्रियता नहीं दिखाई और तेंदुए को पकडन्ने के इंतजाम नहीं किए तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### किसानों की मांग, जल्दी लगे पिंजरा

किसानों ने वन विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि प्रभावित गांवों के पास तत्काल शिकार पकडन्ने के लिए पिंजरे लगाए जाएं। प्रभावित क्षेत्रों में वन विभाग की टीम द्वारा गश्त बढ़ाई जाए। रात के समय बिजली सप्लाई और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

### एक दिन पहले कांग्रेस ने सौंपा था ज्ञापन, बैठक रख सौंपी जिम्मेदारी

## मतदाता सूची पर घमासान, कांग्रेस ने लगाया नाम काटने का आरोप, जवाब में भाजपा अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। एक तरफ जहां कांग्रेस ने सत्ताधारी दल पर सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने भी अपने कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर बूथ स्तर पर सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं।

बता दें एक दिन पहले जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाया कि बीजेपी नेताओं के दबाव में बीएलओ विपक्षी मतदाताओं के नाम सूची से काट रहे हैं। कांग्रेस ने मांग की थी कि काम में लापरवाही करने वाले बीएलओ पर सख्त कार्रवाई हो।

### भाजपा की जवाबी तैयारी

कांग्रेस के हमलों के बीच भाजपा भी अलर्ट मोड पर आ गई है। बस स्टैंड स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कार्यकर्ताओं को एसआईआर प्रक्रिया का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि देश की निर्वाचन प्रणाली को सुरक्षित रखने के लिए यह प्रक्रिया जरूरी है। जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने पार्षदों और कार्यकर्ताओं को बीएलओ के साथ समन्वय कर कार्य में तेजी लाने की जिम्मेदारी दी है। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए नारा दिया बूथ जीता तो चुनाव जीता।

**दोनों दलों की पैनी नजर :** मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर दोनों ही दल आमने-सामने हैं।

जहां कांग्रेस वोट कटने के डर से सुरक्षात्मक कदम उठा रही है, वहीं भाजपा वोट जोडन्ने और बूथ प्रबंधन के जरिए अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटी है। इस खींचतान के बीच अब सारा दारोमदार जिला निर्वाचन विभाग पर है कि वह प्रक्रिया को कितनी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराता है।

**खबर संक्षेप**

### 251 फिट की चुनरी मां को होगी समर्पित

**रेहटी।** मां नर्मदा जयंती पर रविवार 25 जनवरी को भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी जो हनुमान चौक से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्ग से होती हुई बस स्टैंड से नयागांव चौराहे से नयागांव, माजरकोई मरदानपुर होते हुए आंवली घाट तक जाएगी वही कार्यक्रम आयोजन नितेश साहू के द्वारा बताया गया कि मां नर्मदा धाम आवली घाट में पहुंचकर सभी भक्तों के द्वारा पूजा अर्चना कर मां नर्मदा को चुनरी अर्पित की जाएगी एवं महा आरती कर मां नर्मदा की जलधारा में दूध की धारा से दूध अभिषेक किया जाएगा और महाभोग लगाया जाएगा चुनरी यात्रा में सैकड़ो महिला पुरुष भक्तों एवं मां नर्मदा के सभी सभी भक्तगण को विशेष आमंत्रित किया गया है।

### 28 जनवरी तक मनाया जा रहा है आनंद उत्सव

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही जिले में 14 जनवरी से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव आयोजित किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव द्वारा जारी निर्देशानुसार सीहोर जिले के सभी विकास खंडों में विभिन्न स्तरों पर आनंद उत्सव आयोजित किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरीय क्षेत्रों में 14 से 24 जनवरी तक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तथा विकासखण्ड स्तर पर 24 से 28 जनवरी तक कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा जिला स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ द्वारा आनंद उत्सव के लिए जनपद एवं जिला स्तरीय समितियां गठित की गई हैं। जिला स्तरीय समिति में समिति के अध्यक्ष कलेक्टर बालागुरू के. हैं। आनंद विभाग के नोडल अधिकारी सदस्य सचिव हैं तथा जिला पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारियों को समिति का सदस्य बनाया गया है। इसी प्रकार जनपद स्तरीय समितियों में संबंधित एसडीएम को अध्यक्ष और जनपद सीईओ सदस्य सचिव बनाया गया है। इसके अलावा अन्य अधिकारियों को समिति का सदस्य बनाया गया है।

### दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिये जिला स्तर पर शिविर आयोजित होंगे

**सीहोर।** दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिये जिला स्तर पर स्कीनिंग कैम्प आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में स्वास्थ्य विभाग जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता बच्चों को चिन्हित कर प्रमाण-पत्र प्रदान करने की कर्रवाई करेंगे। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण सोनाली वायंगणकर ने बताया कि जुवेनाइल जस्टिस कमेटी के निर्देशानुसार कोई भी दिव्यांग बच्चा चिन्हांकन एवं लाभ से वंचित न रहे, के ध्येय वाक्य के आधार पर प्रत्येक दिव्यांग बच्चे की पहचान, स्क्रीनिंग एवं प्रमाणन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। सभी जिले में स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित करने के निर्देश जिला कलेक्टर्स को दिया गया है। यह कैम्प आगामी एक माह में आयोजित किया जाना है। शिविरों के आयोजन में विधिक सेवा प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्कूल शिक्षा समन्वित प्रयास करेंगे।

## एक दिवसीय बैठक जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर में संपन्न हुई

# जिले में लगाया जाएगा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर: राजीव गुजराती

कार्यक्रम वन्दे मातरम, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झण्डा ऊंचा रहे हमारा के साथ राष्ट्रगान किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




सीहोर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक द्वारा एक दिवसीय बैठक जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर में सम्पन्न हुई, जिसमें अनेकों प्रस्ताव पास के साथ मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक अविनाश भार्गव तथा नरेन्द्र खंगराले द्वारा सेवादल कांग्रेस का बड़ा कार्यक्रम रखने का बैठक में प्रस्ताव रखा, जिसे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर जिला कांग्रेस सीहोर में लगाये जाने की घोषणा की।

कार्यक्रम वन्दे मातरम, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झण्डा ऊंचा रहे हमारा के साथ राष्ट्रगान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अम्बेडकर, डॉ.नारायण शुभ्भाराव हाडेकर तथा सीहोर के पूर्व विधायक शंकरलाल साबू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया तथा पुष्पमालाओं से अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवादल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अविनेश भार्गव थे तथा अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती द्वारा की गई। विशेष अतिथि के रूप में गजानन्द तिवारी प्रदेश अध्यक्ष म.प्र.सेवादल कांग्रेस यंग ब्रिगेड थे। दिनेश मेघानी प्रभारी जिला कांग्रेस कमेटी, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, कैलाश परमार पूर्व अध्यक्ष नपा एवं जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बलवीर तोमर, कमलसिंह चौहान, युवक कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र ठाकुर, डॉ.अनीस खान, जफर लाला, सीताराम भारती, जितेन्द्र पंवार जिलाध्यक्ष सेवादल यंग ब्रिगेड थे। इस अवसर पर अविनेश भार्गव ने सीहोर जिले में वार्ड, ब्लाक तथा जिला स्तर पर सेवादल कांग्रेस को संगठित करने की बात कही। इस मौके पर राजीव गुजराती द्वारा सेवादल कांग्रेस को कन्धे से कन्धा मिलाकर तथा च_ान की तरह खड़े रहने की बात कही।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुईन उद्दीन सिद्दिकी, निहाल अहमद, रिजवान अभ्यासी, विवेक राठौर, आरती खंगराले, मनोज परमार, घनश्याम मीणा, सत्यनारायण शर्मा, शमीम अहमद, हसीन भाई, जसवंत सिंह, कंचन ठाकुर, सुनील दुबे, राधेश्याम मालवीय, प्रेमनारायण परमार, नारायण सिंह परमार, प्रीतम दयाल चौरसिया, रमेश गुप्ता, पन्नलाल खंगराले, आत्माराम परमार, धर्मप्रकाश आर्य, धन्नाला परचौले, महेश कुमार पत्रकार, रामबिलास बाकरिया, भगतसिंह तोमर, दीपक सोनकर, औंकार सिंह पैरवाल, राहुल जांगड़ा, देवेन्द्र सिंह मालवीय, नन्दकिशोर मालवीय, बंशीलाल बकोरिया, गज्जु पंवार नन्दगांव आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सकल हिंदू समाज सम्मेलन में एकजुटता व समरसता का संदेश



**भैरूंदा।** नगर की महाकाल बस्ती में मंगलवार को सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में भव्य कलश यात्रा एवं हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुदामापुरी स्थित पतालेश्वर मंदिर से हुई, जहां से डीजे-ढोल की धुनों और हाथों में लहराती भगवा पताकाओं के साथ कलश यात्रा निकली।

कलश यात्रा बस्ती क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल मिलन गार्डन पहुंची। यात्रा मार्ग में स्थान-स्थान पर श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा एवं पुरुषों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई, जिससे पूरे नगर में धार्मिक व उत्सवी माहौल बना रहा। मिलन गार्डन में आयोजित हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंचासीन महिला वक्ता एवं सहायक शिक्षिका रुक्मणी, संत वक्ता कृष्णप्रिय भगवताचार्य तथा संघ के राजगढ़ विभाग प्रचारक धर्मेंद्र ने अपने विचार व्यक्त किए।

महिला वक्ता रुक्मणी ने संघ के पंच परिवर्तन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी जीवनशैली एवं नागरिक कर्तव्य बोध को समाज की उन्नति के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने इन सिद्धांतों को दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की। संत वक्ता कृष्णप्रिय भगवताचार्य ने कहा कि वर्तमान समय में सनातन समाज को संगठित होने की सबसे अधिक आवश्यकता है। जाति-पाति एवं संप्रदाय के भेदभाव से ऊपर उठकर सभी को हिंदू के रूप में एकजुट होना होगा। धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए संगठित समाज ही सबसे बड़ी शक्ति है। विभाग प्रचारक धर्मेंद्र ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना, उद्देश्यों एवं शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना राष्ट्र निर्माण, समाज संगठन एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के उद्देश्य से की गई थी। शताब्दी वर्ष को आत्ममंथन और सामाजिक समरसता को और अधिक सुदृढ़ करने का अवसर बताते हुए उन्होंने युवाओं से राष्ट्र सेवा, सामाजिक एकता और अनुशासित जीवन अपनाने का आह्वान किया। सम्मेलन में बस्ती क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों से हजारों लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन पर समरसता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## बोरदी मंडल में सकल हिंदू सम्मेलन का आयोजन




**रेहटी।** बोरदी मण्डल के ग्राम बोरदी मे सकल हिंदू समाज के द्वारा हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मातृशक्ति बहनों ने कलश यात्रा निकाल कर किया। कलश यात्रा के पश्चात भारत माता की पूजन करके कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में संत शुभम तिवारी , जिला सह संयोजका महिला समन्वयक अरुणा गौर एवं बुधनी जिले के जिला सह कार्यवाह नीरज त्रिपाठी उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम मे उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करके समरसता, स्व का बोध, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन एवं नागरिक कर्तव्यबोध के सम्बन्ध मे जानकारियाँ दी गयी और हिन्दुओ मे परसपर एकता बनाये रखने का आवहान किया गया। कार्यक्रम के अंत मे भारत माता की आरती की गयी। उसके पश्चात प्रशाद वितरण किया गया । बोरदी मंडल के सकल हिन्दू समाज जनों ने अपनी सहभागिता से कार्यक्रम को सफल बनाया और हिन्दू एकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

## पिट्टू प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय का परचम

**भैरूंदा।** खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत 19 जनवरी को सीहोर जिला में आयोजित जिला स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी सफलता हासिल की। प्रतियोगिता में ब्लॉक भैरूंदा ने बालक एवं बालिका—दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले में अपना दबदबा कायम किया। बालिका वर्ग में भैरूंदा टीम ने सीहोर को 16–6 अंकों से पराजित किया, वहीं बालक वर्ग में भी 18–8 अंकों से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अब दोनों टीमें सीहोर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए संभाग स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला सीहोर की चयनित टीम में बालिका वर्ग से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राला की राही पंवार, आयुषी सेनी, बुलबुल यादव, अंतिम यादव तथा सांदीपनि विद्यालय की सलोनी धनवारे और अंकिता राजपूत शामिल हैं। वहीं बालक वर्ग से रविराज सिसोदिया के साथ सांदीपनि विद्यालय के संजय कुमार, प्रिंस हरियाले, प्रीतम और हर्ष सेन का चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कोच सचिन त्रिवेदी एवं रोहित यादव के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेलो एमपी जैसे आयोजनों के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार पारंपरिक खेलों को बढ़ावा दे रही है, जिससे देशी खेलों और खिलाड़ियों को नई पहचान मिल रही है। प्राचार्य ने चयनित खिलाड़ियों और टीम को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं।



## खेलो एमपी यूथ गेम्स जिला स्तरीय प्रतियोगिता हुई अयोजित



**सीहोर।** खोलो एमपी यूथ गेम्स का जिला स्तरीय प्रतियोगिता आवासीय खेलकूद संस्थान, चर्च गाउंड एवं बीएसआई मैदान पर आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन अभिषेक सिंह चौहान डायरेक्टर सांई के द्वारा किया गया। आयोजन प्रिंस राठौर अध्यक्ष नगरपालिका, सुनीता रावत एडिसनल एमपी एथ के आतिथ्य में संपन्न हुआ। आयोजन में 21 खेलों तथा एथलेटिक्स, वास्केटबाल, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबडडी, खो-खो, वेटलिफटिंग, कुश्ती, टेबल टेनिस, योगासन, टेनिस, वॉलीबॉल, किकेट, पिटट्टू, रस्साकशी, एवं शतरंज इत्यादि में 950 खिलाड़ियों ने सहभागिता दर्ज कराई। आयोजन में रुबिका देवान जिला डोल और युवा कल्याण अधिकारी संभी खेल संघो के अध्यक्ष/सचिव, प्रशिक्षक विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजन उपरांत जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी के द्वारा जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, खेल संघो पदाधिकारियों एवं निर्णायकों के द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान करने पर आभार व्यक्त किया एवं विजेता एवं उपविजेता जिलाहियों को आगामी प्रतियोतिता शुभकामनाऐं दी। सिभी खिलाड़िकियों को भोजन एवं पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## सहस्त्र चंडी महायज्ञ में पूर्ण विधि-विधान से किया गया अग्नि स्थापन नित्य हवन-पूजन

### जगदंबा की आराधना से सर्वार्थ सिद्धि भगवती की लीलाएं अनंत: यज्ञाचार्य पंडित महादेव शर्मा

**सीहोर।** शहर के गंज के समीपस्थ प्रसिद्ध करोली वाली माता मंदिर में सोमवार को सुबह यहां पर 108 विप्रजनों के द्वारा पूर्ण विधि-विधान से अग्नि स्थापन नित्य हवन-पूजन का क्रम आरंभ हो गया है। माघ नवरात्रि के पावन अवसर पर संयुक्त मां कालका उत्सव समिति के तत्वाधान में दस दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें करीब 45 से अधिक जोड़ों ने दिव्य अनुष्ठान की क्रियाएं की। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष विवेक राठौर, मुख्य यजमान सूत्रधार तरुण राठौर सहित अन्य ने यज्ञाचार्य पंडित महादेव शर्मा के मार्गदर्शन में यज्ञशाला में प्रवेश किया।



महायज्ञ के मीडिया प्रभारी प्रदीप समाधिया ने बताया कि सोमवार को सर्वप्रथम विप्रजनों के अलावा जोड़ों ने यज्ञ में प्रवेश किया, वहीं पंचांग पूजन, पित्त पूजन सहित अन्य क्रियाएं के अलावा नित्य हवन पूजन का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि दुर्गा सप्तशती का पाठ 34 विप्रजनों के द्वारा किया जा रहा है। यहां पर नियमित रूप से शाम को भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नगरवासियों को भोजनप्रसादी के लिए अपील की है। वहीं यज्ञ की परिक्रमा का विशेष इंतजाम किया गया।

यज्ञाचार्य पंडित श्री शर्मा ने बताया कि सहस्त्र चंडी महायज्ञ से शत्रुओं पर विजय, धन, संपत्ति, सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य, मानसिक शांति, और आध्यात्मिक उन्नति के साथ-साथ दुष्ट शक्तियों से सुरक्षा मिलती है। जगदंबा की आराधना से सर्वार्थ सिद्धि भगवती की लीलाएं अनंत है। उन लीलाओं का श्रवण, नाम स्मरण तथा श्रद्धाभक्ति से पूजन से संपूर्ण मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि महाशक्ति ही परमब्रह्म के रूप में प्रतिष्ठित है, जो विभिन्न रूपों में अनेक लीलाएं करती रहती है।

ये ही महाशक्ति नौ दुर्गाओं व दस महा विद्याओं के रूप में प्रतिष्ठित है। महायज्ञ में घी, अनाज, जड़ी-बूटियों और विशेष सामग्री को मंत्रों के साथ अग्नि में अर्पित किया जाता है।

## कन्या महाविद्यालय में 15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर शुरू

# आज के समय में आत्मरक्षा प्रत्येक बेटी के लिए अनिवार्य कौशल है: प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मंगलवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर के क्रीडा विभाग परिसर में 15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी रवि बिरहा एवं शिविर के प्रशिक्षक योगेश गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि, आज के समय में आत्मरक्षा प्रत्येक बेटी के लिए अनिवार्य कौशल है। यह प्रशिक्षण छात्राओं में आत्मविश्वास, साहस और आत्मनिर्भरता का विकास करेगा तथा वे किसी भी विपरीत परिस्थिति का सामना करने में सक्षम बनेंगी।" उन्होंने सभी छात्राओं से नियमित रूप से प्रशिक्षण में भाग लेने का आह्वान किया। वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी रवि बिरहा ने प्रशिक्षण शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक विकास ही नहीं, बल्कि छात्राओं का शारीरिक एवं मानसिक सशक्तिकरण भी है।




यह 15 दिवसीय शिविर आत्मरक्षा की आधुनिक तकनीकों, अनुशासन एवं शारीरिक दक्षता पर केंद्रित रहेगा। उन्होंने महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राओं से इस पहल को सफल बनाने में सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

प्रशिक्षक योगेश गुप्ता ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक गुर, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के तरीके तथा आत्मविश्वास बढ़ाने के विशेष अभ्यास कराए जाएंगे।

यह प्रशिक्षण उनके जीवन में सुरक्षा कवच का कार्य करेगा। इसके पश्चात उनके द्वारा प्रशिक्षण सत्र का विधिवत प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 10 फरवरी को प्रथम निमंत्रण श्री गणेश भगवान को



**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कलचुरी समाज का 13वा निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 10 फरवरी 2026 को होने जा रहा है ।सम्मेलन का प्रथम आमंत्रण श्री गणेश भगवान को भेंट किया ।इस अवसर पर ऐतिहासिक स्वयंभू श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर गणेश धाम की मुख्य पुजारी एवं व्यवस्थापक डॉ.चारू चंद्रा व्यास ने कहा कि कल्चुरी समाज सदैव समाज सेवा में तत्पर रहता है ।सामूहिक विवाह सम्मेलन उसी कड़ी का अंग है ।भगवान श्री गणेश उनकी हर मनोकामना पूर्ण करें। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रदीप बिजोरिया, महामंत्री बेनी प्रसाद राय,सचिव निलेश राय,कोषाध्यक्ष परमानंद राय ,रमेश राय राम जी ,सुरेश राय लाइनमैन, मोहन राय बाबा, हरीश राय, मोर सिंह जायसवाल, नंदकिशोर राय , कुमेर सिंह जायसवाल, ओमप्रकाश राय कल्लू ,डॉ. विजेंद्र जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार/अपर तहसीलदार/नायब तहसीलदार तहसील सीहोर नगर जिला सीहोर**

प्र.क्र. 0040/अ-6 अ/2025-26
ग्राम मुरली नगरी

**::जाहिर सूचना पत्र::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलेश गौर आ० भागीरथ गोर निवासी कृषक ग्राम मुरली नगरी सीहोर जिला सीहोर एवं कृषक ग्राम मुरली सीहोर, तहसील सीहोर ने मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 को धारा 115-116 के तहत आवेदक प्रस्तुत किया गया कि ग्राम मुरली सीहोर. की वादग्रस्त भूमि खसरा क्रमांक 319/2/1 मेसे स्कवा. 0.024 हे० भूमि का रिकार्ड सुधार हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। हल्का पटवारी के प्रतिवेदन अनुसार उक्त खसरे में दिनेश योगेश आ० मदनलाल, गोपाल पिता रघुनाथसिंह, पकंज परमार पिता लखनसिंह, राजेंद्रसिंह पिता बंसतीलाल, रामरतनसिंह आ० दरयाव सिंह, मीना पत्नी रूपसिंह, विक्रयसिंह ना.बा. पिता रूपसिंह, का नाम दर्ज है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति जारी जाहिर सूचना 07 दिवस के अंदर न्यायालय में स्वयं अथवा अपने वैरा प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। वाद- म्याद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उदघोषण आज दिनांक 19/01 /2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया ।

तहसीलदार
तहसील सीहोर


### जोरशोर से आरंभ हुई कार्रवाई अब थमी, खुलेआम उपयोग हो रही अमानक पॉलीथिन

# 10 दिन में टांय-टांय फिस्स हुआ पॉलीथिन मुक्त राजगढ़ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

करीब दो हफ्ते पहले स्थानीय पाटन रोड स्थित टैचिंग ग्राउण्ड में भीषण ठंड और पॉलीथीन इत्यादि के सेवन से एक दर्जन से अधिक गायों की मौत का मामला सामने आया था। गौ-सेवकों द्वारा एक गाय के ईलाज के दौरान गौमाता के पेट से निकली कई किलो पॉलीथीन का वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन और नगर पालिका ने अपनी किरकिरी होते देख आनन-फानन में उसी दिन पॉलीथीन मुक्त राजगढ़ अभियान का आगाज कर दिया।

अभियान के तहत शुरूआती तीन दिनों तक नगर पालिका ने कईं बार शहर में मुनादियां करवाते हुए दुकानदारों को अमानक पॉलीथीन का इस्तेमाल करने पर जुर्माने की चेतावनियां देनी शुरू कर दी। इसके साथ ही आमजनों से भी अपील की गई कि वे इस अभियान में नपा और प्रशासन का सहयोग करते हुए 40 माईक्रॉन से कम गुणवत्ता वाली पॉलीथीन का उपयोग बंद कर दें। लेकिन, हमेंशा की तरह शुरूआत में पूरी ऊर्जा के साथ शुरू किया गया नपा का यह अभियान दो हफ्ते बाद ही लगभग थम सा गया है। नगर की अमूमन सभी दुकानों पर



पहले की ही तरह दुकानदारों द्वारा निर्धारित मापदंड से कम गुणवत्ता वाली पॉलीथीन में सामान बेचना शुरू कर दिया गया है।

### पहले हफ्ते में गई दुकानदारों पर कार्रवाई

अभियान की शुरूआत के पहले हफ्ते में नगर के मेन मार्केट सहित साप्ताहिक हाट-बाजार में कई दुकानदारों व प्रतिष्ठान संचालकों से नपा की टीम ने अमानक पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही शुरू की। नगर पालिका की कुछ टीमें इसी काम में लगा दी गई थीं। हिदायत और कार्यवाही का असर इतना था कि दुकानदारों ने कुछ दिनों तक पॉलीथीन रखना ही बंद कर दिया। लेकिन, अभियान की शुरूआत के एक हफ्ते बाद ही अब हालात फिर से पुराने ढर्रे पर लौट चुके हैं। स्थानीय लोगों एवं गौसेवकों का कहना है कि अगर नगर पालिका शुरूआत में उठाए गए अपने सख्त लहजे के तहत ही कार्यवाहियां करती रहती तो यह अभियान कुछ हद तक सार्थक हो पाता।

### अनेक स्थानों से भेजे जा रहे फोटो व वीडियो

पॉलीथीन का सेवन करते गौवंश और यहां-वहां फेंकी जा रही अमानक पॉलीथीन के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफाम्स पर नजर आ रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि नगर पालिका ने जिस सख्ती के साथ इस अभियान की शुरूआत की थी अगर उसी लहजे में अनवरत कार्यवाहियां होती रहती तो यह अभियान सफल कहा जा सकता था।

### बड़े कारोबारियों तक नहीं पहुंच पाई पुलिस

अमानक पॉलीथीन के उपयोग पर सख्त कार्यवाही करने एसडीएम द्वारा भी सख्त निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद छोटे दुकानदारों के यहां से पॉलीथीन जब्त करने की कार्यवाही के अलावा पॉलीथीन के थोक विक्रेताओं के यहां किसी तरह की कोई कार्यवाही देखने नहीं मिली।

# समाधान कैंपों में नदारद कर्मियों को सस्पेंड करने के कलेक्टर के निर्देश

### समय सीमा बैठक में संकल्प से समाधान कार्यक्रम की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में इन दिनों 'संकल्प से समाधान' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों पर कैंप लगाए जा रहे हैं लेकिन कुछ कर्मचारी अभियान में रुचि न लेते हुए ड्यूटी स्थल से ही नहीं पहुंच रहे हैं। यह जानकारी कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को मिलने पर उन्होंने ऐसे सभी लापरवाह कर्मचारियों को निलंबित करने के निर्देश कल आयोजित समय-सीमा बैठक में अधीनस्थ अधिकारियों को प्रदान किए।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन में निम्न प्रदर्शन पर कुरावर मंडी सचिव का स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाए जाने पर उनका 3 दिवस का वेतन काटने के निर्देश कलेक्टर ने प्रदान किए। सीएम हेल्पलाइनों पर दर्ज शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण न करने पर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया वहीं संबंधित सीएम हेल्पलाइन प्रकरण में भूमि अर्जन की जांच के भी निर्देश दिए गए। बैठक में मंडी ब्यावरा के लिपिक की वेतनवृद्धि रोकने तथा मंडी सचिव की वेतनवृद्धि रोकने का प्रस्ताव आयुक्त को भेजने के निर्देश दिए गए। संकल्प से समाधान कैंपों में जनप्रतिनिधियों को सक्रिय रूप से आमंत्रित करने तथा नोडल अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### अगली बैठक में भी होगी समीक्षा

अगली समय सीमा बैठक में राजस्व, जल संसाधन एवं किसान कल्याण विभाग की 10-10 शिकायतों की समीक्षा किए जाने के निर्देश कलेक्टर ने प्रदान किए। इसके साथ ही अनुसूचित जाति एवं जनजाति के जिन विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र के अभाव में छात्रवृत्ति नहीं मिल पाई है, उनके जाति प्रमाण पत्र शीघ्र बनाए जाने हेतु संबंधित एसडीएम को निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## खुजनेर से फलोदी माता खैराबाद तक पद यात्रा के लिए रवाना



**खुजनेर।** राजस्थान के खैराबाद धाम में मेड़तवाल समाज की कुलदेवी मां फलौदी के प्रकोटोत्सव बसंत पंचमी उत्सव में शामिल होने एवं देश एवं समाज की सुख समृद्धि के लिए पिछले नौ साल से नगर के योगेश मेड़तवाल रामगढ़ वाले खैराबाद तक पैदल यात्रा कर रहे है इस वर्ष भी योगेश मेड़तवाल की नौवी यात्रा है सोमवार को सुबह 10 बजे से श्री सॉवलिया सेठ मंदिर चैक से पद यात्रा शुरू की जो पुराना बस स्टैंड, राजगढ़ चौराहा बस स्टैंड होते हुये संडावता के लिए रवाना हुए नगर में समाजजन द्वारा जगह जगह फुलमाला से स्वागत कर यात्रा के लिए रवाना वहीं योगेश पिछले नो सालों से खैराबाद के लिए पैदल यात्रा कर रहा हूं यहां मेरी नौवी पैदल यात्रा जो में खुजनेर से खैराबाद धाम तक 160 किमी तय कर फलोदी धाम पहुंचेगी।

# क्षत्रिय राजपूत विकास संगठन ने 320 प्रतिभाओं का किया सम्मान



**सारंगपुर।** समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता, संस्कार और उभरती प्रतिभाओं में निहित होती है। इसी उद्देश्य को साकार करते हुए क्षत्रिय राजपूत विकास संगठन के तत्वाधान में ग्राम ग्वाड़ा में एक ऐतिहासिक प्रतिभा सम्मान एवं मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

इस गरिमामय आयोजन में समाज के शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 320 प्रतिभावान छात्रदृछात्राओं एवं युवाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से समाज को संगठित कर नई दिशा देने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा राजपूत समाज का इतिहास शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण रहा है। आज की युवा पीढ़ी शिक्षा और खेल के क्षेत्र में जो उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही है, वह समाज के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।"उन्होंने युवाओं से अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# शासकीय भूमि पर धड़ल्ले से अवैध निर्माण, प्रशासन बना मूकदर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

तलेनी बड़ली क्षेत्र में शासन की नाक के नीचे शासकीय भूमि पर खुलेआम अवैध रूप से मकानों एवं बड़ी-बड़ी इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा मामला राजस्व विभाग से जुड़ा होने के बावजूद अब तक किसी भी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त भूमि पूर्व में राजस्व कर्मचारियों को भवन निर्माण के उद्देश्य से पट्टे पर दी गई थी। इनमें से कुछ कर्मचारियों ने स्वयं मकान निर्माण कराया, लेकिन कई कर्मचारियों ने शासन की अनुमति लिए बिना ही यह पट्टे ऊंचे मुनाफे के लालच में अन्य लोगों को बेच दिए। स्थिति यह है कि इन भूखंडों की न तो वैध रजिस्ट्री है और न ही नगर अथवा ग्राम पंचायत से किसी प्रकार की निर्माण अनुमति ली गई है, इसके बावजूद निर्माण कार्य लगातार जारी है। कई स्थानों पर भवन लगभग तैयार हो चुके हैं, वहीं कुछ अन्य भूखंडों पर जल्द ही नए मकानों का निर्माण प्रारंभ होने की तैयारी है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि पूरा मामला प्रशासनिक जानकारी में होने के बावजूद राजस्व एवं संबंधित विभाग आंख मूंदकर बैठे हुए हैं, जिससे अवैध



निर्माण करने वालों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अब क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध निर्माण तत्काल रोके जाएं, दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई हो तथा शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की मनमानी पर अंकुश लगाया जा सके।

**इनका कहना हैं**

अगर ऐसा है तो जानकारी लेकर कार्यवाही की जाएगी।
**अजय सैंगर, पटवारी, तारागंज तलेनी**

# संगठन सृजन अभियान के तहत सारंगपुर में कांग्रेस वार्ड कमेटियों का हुआ गठन




**सांरगपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह की सहमति से संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत रविवार को ब्लॉक व शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में वार्ड क्रमांक 1 से 10 तक कांग्रेस की वार्ड कमेटियों का गठन किया गया। जिसमें अंसारी जमातखाना अमनखेल तथा गार्डन परिसर में आयोजित बैठकों में विधानसभा प्रभारी लोकेंद्र सिंह आरोलिया, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, शहर अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में आम सहमति से वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। वार्ड क्रमांक 1 से 3 तथा 4, 5, 6, 9 व 10 में अध्यक्ष नियुक्त कर कार्यकारिणी गठित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि वार्ड कमेटियों के गठन से कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी और आमजन की समस्याएं प्रभावी रूप से उठाई जा सकेंगी। कार्यक्रम के अंत में नव नियुक्त पदाधिकारियों को संगठनात्मक दायित्वों की जानकारी दी गई।इस दौरान प्रदीप सदानी,शफीक अंसारी, निजाम कुरैशी सहित कांग्रेसी मौजूद थे।

## शासकीय सांदीपनि विद्यालय में युवा जागृत मंच कार्यक्रम का आयोजन



**जीरापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के द्वारा शासकीय सांदीपनि विद्यालय युवा जागृत मंच कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुरुआत में अतिथियों ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। मुख्य वक्ता उमा वैष्णव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताया है उनका जीवन हमें संदेश देता है कि जब युवा जागृत होता है तभी राष्ट्र प्रगति करता है नगर मंत्री नरेंद्र सोंधिया ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव छात्रहित, राष्ट्रहित और समाजहित्त को केंद्र में रखकर युवाओं को संगठन सेवा और संस्कार से जोड़ने का कार्य कर रही है। अविनाश व्यास ने आभार एवं संचालन पूजा पवांर ने प्राचार्य कैलाश शर्मा, अर्जुन दांगी, रामेश्वर पवांर दीपक सोनगरा, निशा मालाकार, स्कूल स्टाफ, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कराते चैंपिशनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड मेडल




**राजगढ़।** गत दिवस देवास में आयोजित भारत रतन राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने विभिन्न आयुवर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कराते संघ के सचिव अक्षय शर्मा ने बताया कि अंडर-15 कैडेगरी में दिशा पुत्री प्रकाश महावर, अंडर-18 कैटेगरी में भूमिका पुत्री दिलीप कुशवाह, बसंत पिता हेमराज विश्वकर्मा, घनश्याम पिता राजेश कुशवाह ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी तरह अन्य कैटेगरीज में धुरव पिता गजेंद्र शर्मा, शौर्य पिता प्रकाश महावर ने ब्रांच मेडल प्राप्त किए। इन खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर क्रीडा भारती एवं कराते संघ पदाधिकारी कंचन सोनी, सचिन शर्मा, सुनील जाटव, विक्रम गुर्जर, सुनील बाफना, रणजीत अटकवार, नरेंद्र खिंची, गौरव अग्रवाल, सुभाष जंगले, इंद्रनारायण श्रीवास सहित गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का महाविद्यालय में हुआ आयोजन

**जीरापुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा शासकीय महाविद्यालय सभागृह में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता शिक्षक रजनीश भावसार एवं विशेष अतिथि हार्टफूलनेस प्रशिक्षित वीरेंद्र कुमार मीणा प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया छापीहेड़ा, प्राचार्य हिमांशु चास्टा, विकासखंड समन्वयक बीरम सिंह परमार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित किया। प्रतिभागियों को शासकीय योजना अंतर्गत उद्यमी को लोन के बारे में जानकारी दी। स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत पर विचार रखे दैनिक जीवन में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं वह स्वदेशी हो विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर भारत को आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपना सहयोग दें।

## एनएसयूआई की कार्यकारिणी गठित

**ब्यावरा।** विधानसभा के अंतर्गत सोमवार को मलावर हाई स्कूल में एनएययूआई विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर के निर्देशानुसार गादिया ब्लॉक अध्यक्ष अंकित पंवार द्वारा एनएययूआई की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान अभिषेक गुर्जर को अध्यक्ष, विशाल नागर को उपाध्यक्ष, सुमित यादव को उपाध्यक्ष, सुमित गुर्जर को महासचिव, अरविंद लववंशी को सचिव तथा गोविंद गुर्जर को प्रभारी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएययूआई विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मलावर के मुख्य गेट के बाहर कई दिनों से कचरा जमा है, जिससे विद्यालय की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर एनएययूआई द्वारा विद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र सफाई कराने की मांग की गई है। एनएययूआई ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 4 दिनों के भीतर कचरे का उचित निस्तारण नहीं किया गया, तो संगठन द्वारा शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# विराट हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

### कलश यात्रा, पूजन, कार्यक्रम व सहभोज से आयोजन संपन्न



**जीरापुर।** विराट हिंदू सम्मेलन अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर रामलीला चौक से कलश शोभायात्रा यात्रा निकाली गईं, जो नगर के चोपड़ा बाजार बुधवारिया बाजार जवाहर चौक इंदर चौराहा आवास कॉलोनी छापेड़ा नाका होते हुए नवीन हाट बाजार तालाब परिसर पर पहुंची। कलश यात्रा में मातृशक्ति, युवा एवं सर्वहिन्दू समाज जन बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पूजन के साथ विधि-विधानपूर्वक किया गया।

मुख्य वक्ता मंडलेश्वर अन्नपूर्णा गिरी साध्वी वर्षा ने अपने उद्बोधन से आयोजित सांस्कृतिक एवं वातावरण को भक्तिमय एवं राष्ट्रभाव से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रचारक हेमन्त सेठिया का प्रेरणादायी उद्बोधन प्राप्त हुआ। उन्होंने हिंदू समाज की एकता,विराट ,हिन्दू संगठन और समरसता पर विशेष बल देते हुए संघ के पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी एवं नागरिक कर्तव्यों के विषय में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। वहीं भण्डावद आश्रम के रामानंद शास्त्री संत ने भगवान श्रीराम के आदर्शों एवं विचारों को जीवन में उतारने का आह्वान किया तथा कहा कि श्रीराम के चरित्र से ही समाज को दिशा प्राप्त होती है। कार्यक्रम में प्रत्येक ग्राम के दे पांड एवं संत समाज की गरिमामयी उपस्थिति मंच पर रही, जिससे आयोजन की धार्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा और अधिक क बढ़ी। शोभा यात्रा में जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया कार्यक्रम के समापन अवसर पर भारत माता की भव्य आरती संपन्न हुई, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रभक्ति भाव के साथ सहभागिता की। इसके पश्चात सभी उपस्थित जनों ने सहभोज मे शामिल होकर सामाजिक समरसता का परिचय दिया। विराट हिंदू सम्मेलन ने नगर क्षेत्र में सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक संगठन एवं राष्ट्रभावना को नई ऊर्जा प्रदान की।

### अधिकारियों को सख्त निर्देश, लापरवाही पर की जाएगी कार्रवाई

# पेयजल व्यवस्था को लेकर मंत्री पंवार ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र के नगरीय एवं ग्रामीण इलाकों में पेयजल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की समीक्षा को लेकर मंत्री नारायण सिंह पंवार ने सोमवार को संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन को स्वच्छ, पर्याप्त एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंत्री पंवार ने नगरीय पेयजल व्यवस्था को अनिवार्य रूप से दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी फिल्टर प्लांट तत्काल चालू कर नागरिकों को शुद्ध पेयजल प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नगर की नालियों की नियमित सफाई हेतु विशेष अभियान चलाने, सड़कों पर गंदा पानी दिखाई न दे, इसके लिए ठोस कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी ट्यूबवेल, टंकियों एवं वाटर प्लांट की



नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा समय पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। साथ ही एसडीएम दुबे एवं नगर पालिका को ब्यावरा एवं सुठालिया क्षेत्र में दूषित पानी की शिकायतों की सतत मॉनिटरिंग कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अवैध नल कनेक्शन एवं पेयजल लाइनों से तोड़फोड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। मंत्री पंवार ने जल निगम को ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित परियोजनाओं के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को कहा। विशेष रूप से पहाड़गढ़, बांकपुरा (कुशलपुरा)परियोजना के अंतर्गत ग्रामों का क्लस्टर बनाकर पेयजल स्थिति का निरीक्षण करने तथा ग्रामीण जनों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मंत्री पंवार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन हो और आमजन को किसी भी प्रकार की पेयजल समस्या का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, एसडीएम गोविंद कुमार दुबे, जनपद सीईओ आर. के. मंडल, ब्यावरा नगर पालिका सीएमओ इकरार अहमद, सुठालिया नगर परिषद सीएमओ रईस खान सहित नगर पालिका, जल निगम एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बदमाशों ने महिला से सोने की चेन झपटी

**देवास**। शहर में सोमवार को पूजा करने मंदिर जा रही एक महिला के गले से बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने सोने की चेन झपट ली। यह घटना बीएनपी थाना क्षेत्र के विश्राम बाग, राधागंज में हुई। जानकारी अनुसार, विश्राम बाग निवासी उषा नोरंगे अपने घर के पास स्थित मंदिर में पूजा करने जा रही थीं। जैसे ही वह मंदिर के करीब पहुंचीं, पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाया।दोनों युवकों ने तेजी से महिला के गले से चेन खींची और मौके से फरार हो गए। महिला ने शोर मचाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी इतनी तेजी से भागे कि उन्हें पकड़ा नहीं जा सका। घटना के बाद महिला ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

### आनंद उत्सव कार्यक्रम में बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं हुईं शामिल

**देवास**। शासन के निर्देशानुसार के जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आनंद उत्सव में जिले के ग्रामों एवं नगरीय निकायों में बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न पारंपरिक खेल प्रतियोगिता आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी उत्साह से सहभागिता कर आनंद की अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं।

### कांग्रेसियों ने फॉर्म 7 का गलत उपयोग का लगाया आरोप, सौंपा ज्ञापन

# गलत तरीके से नाम कटवाने का षड्यंत्र चला रहे भाजपा कार्यकर्ताः हरपाल ठाकुर

षड्यंत्र के खिलाफ कांग्रेस नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी और नगर अध्यक्ष जाहिद गुड्डू की अगुवाई में आष्टा रिटर्निंग ऑफिसर नितिन टाले से मिला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



चुनाव आयोग द्वारा चलाई जा रही है एसआईआर प्रक्रिया में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस के अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग एवं माइनॉरिटी के मतदाताओं को चिन्हित कर उनके नाम पर फार्म 7 भरकर आपत्ति दर्ज कराई जा रही है। ताकि उन लोगों के नाम मतदाता सूची में आने से वंचित रह जाए। भाजपा कार्यकर्ताओं के षड्यंत्र के खिलाफ कांग्रेस नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी और नगर अध्यक्ष जाहिद गुड्डू की अगुवाई में आष्टा रिटर्निंग ऑफिसर नितिन टाले से मिला। और जिस प्रकार से भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जिन लोगों की पूर्व में एस आई आर के तहत मैपिंग हो चुकी है। उन लोगों के नाम कटवाने के लिए फार्म 7 भरकर आपत्ति ली जा रही है। साथ ही शासकीय बीएलओ पर दबाव बनाया जा रहा है कि उनकी गलत आपत्ति को भी सही मानकर नाम काटे जाएं। इस पूरी प्रक्रिया पर एसडीएम ने विश्वास दिलाया है कि किसी का भी नाम गलत तरीके से नहीं काटा जाएगा। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को ऊपर से निर्देश है कि प्रत्येक बूथ पर 40-50 ऐसे मतदाता चिन्हित किया जाए जो कांग्रेस के मतदाता हो और वह गरीब अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग या अल्पसंख्यक वर्ग से आता हो के नाम पर फार्म 7 भरकर आपत्ति दर्ज करा कर उनको अंतिम मतदाता सूची से नाम कटवाने का काम करें। ताकि भविष्य में उनकी पार्टी के पक्ष में परिणाम आ सके। हरपाल ठाकुर ने आगे कहा कि भाजपा के लोग इस प्रकार सत्ता का दुरुपयोग कर रहे हैं, जैसे वह अब कभी सरकार से बाहर जाने वाले नहीं है। सभी शासकीय बीएलओ को दबाव में आने की आवश्यकता नहीं है और किसी का भी नाम गलत तरीके से नहीं काटे जाए। पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभा खेड़ी ने कहा कि भाजपा द्वारा फार्म 7 मतदाताओं को चिन्हित कर प्रिंट करवा कर बांटे गए हैं जो आपत्ति लगाने वाले को सिर्फ अपना नाम उसमें भरना है और उसे जमा करना है। जिसके नाम पर आपत्ति है वह पहले से फार्म के अंदर प्रिंट है इसका मतलब योजनाबंध तरीके से ऊपर से ही मतदाता चिन्हित कर लिए गए हैं, जिनके नाम कटवाना है। भाजपा का यहां षड्यंत्र लोकतंत्र विरोधी है जो देश के नागरिकों को अपने वोट देने का अधिकार से वंचित किया जा रहा है। इस दौरान एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डू, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी, सुनिल कटारा, खालिद पठान, सन्नवर खान, घनश्याम जांगड़ा, शहीद टेलर, राजकुमार मालवीय, नवाब बेरी, भैया मुजफ्फर पटेल, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष रिजवान खान, डॉ एजाज खान, हरेंद्र नौगांव, मनीष खत्री, पुष्पराज जादोन आदिकांग्रेस जन मौजूद रहे।

## करनी सेना ने जांच की मांग की, सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

पिछले दिनों 15 जनवरी को हुई घटना से संपूर्ण भारत को अवगत है। उक्त घटना में करनी सेना परिवार के विधानसभा अध्यक्ष जिसने आष्टा में हुए धार्मिक उन्मआत्त के कारण उत्पन्न हुई परिस्थितियों को नियंत्रित करने व शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपना पूर्ण योगदान दिया था। प्रशासन के साथ मिलकर आष्टा में संभावित बड़ी घटना को रोकने में भी विधानसभा के अध्यक्ष का दायित्व का पूर्ण निर्वहन करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने प्रशासन का सहयोग किया। लेकिन कुछ उपद्रवियों द्वारा प्रताड़ित किया गया। जिसकी वजह से अनुचित कदम उठाना पड़ा। जिसके कारण उसकी जान जाते जाते बची।

जावर थाना प्रभारी नीता देहरवाल के द्वारा उपद्रवियों को संरक्षण देते हुए विधानसभा अध्यक्ष शिशुपाल सिंह ठाकुर को लगातार प्रताड़ित करने की बात स्वयं के द्वारा वीडियो में कही गई। थाना प्रभारी पर भी अन्य अपराधियों सहित समान आरोप लगाए गए। जिससे संपूर्ण क्षेत्र आहत हैं, साथ ही करनी सैनिकों मैं आक्रोश व्याप्त हैं। उक्त घटना पर कारवाही करते हुए तीन अपराधियों पर कायमी की गई। लेकिन शिशुपाल का व्यापार चौपट करने व जीविका का एक मात्र साधन संचलित ढाबा बंद करने की धमकी देने वाली थाना प्रभारी नीता देहरवाल पर कोई भी कार्रवाई नहीं होना प्रशासन और सुशासन दोनों की कार्यप्रणाली को संदेह की श्रेणी में रखता है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई की थाना प्रभारी पर भी निलंबन की कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटना न घटे। अधिकारी अपने अधिकारों का दुरुप्रयोग न करे। साथ ही आरक्षक पवन पटवा के द्वारा फरियादी विनोद परमार के साथ गाली गलौज व धमकी भरे शब्द का उपयोग किया गया। हम सब इसकी निंदा करते है इनके ऊपर भी श्री मान कार्यवाही की मांग रखते है। है। अगर उक्त आवेदन पर शीघ्र अति शीघ्र 22 जनवरी तक कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो करनी सेना परिवार, सकल हिंदू समाज के साथ आंदोलन करेगा।

## चाचरसी में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत पंचायत स्तरीय कार्यक्रम किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




स्वामी विवेकानंद की जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सीहोर जिले की आष्टा तहसील के ग्राम चाचरसी में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का पंचायत स्तरीय कार्यक्रम किया गया। जिसमे मुख्याथिति के रूप में पूर्व जनपद अध्यक्ष धारासिंह पटेल, जीतेन्द्र चंद्रवंशी फोजी, पंचायत सचिव बाबूलाल, नवांकुर संस्था सचिव सुनील राठौर पत्रकार मनोज मुकाती उपस्थित रहे।

नवांकुर संस्था सचिव सुनील राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि विकसित भारत - 2047 की संकल्पना के साथ आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिले में शासन के अन्य विभागों के सहयोग से यह अभियान 12 जनवरी से 26 जनवरी तक पखवाड़े के रूप में ग्रामपंचायत स्तर तक आयोजित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत ग्रामोत्सव, रैली, चौपाल, सामूहिक श्रमदान सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजन को शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से ग्राम स्तर पर ग्रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित कर अभियान को प्रभावी रूप दिया जा रहा है।

पूर्व जनपद अध्यक्ष धारासिंह पटेल ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर बताया की एक महान आध्यात्मिक नेता और विचारक थे। जिनका बचपन का नाम नरेंद्र नाथ दत्त था, जिन्होंने वेदांत और योग को विश्वभर में फैलाया; उन्होंने रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन की स्थापना की और 1893 के शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में अपने ऐतिहासिक भाषण से ख्याति प्राप्त की, जिससे भारतीय दर्शन और राष्ट्रवाद को नई दिशा मिली और वे आधुनिक भारत के एक प्रेरक व्यक्ति बने। कार्यकम में मुख्याथिति द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम,दितीय, और तृतीय आये बच्चो को पुरुस्कार वितरण किया। कार्यक्रम में स्कूल प्रभारी गिरिराज परमार, शिक्षिका रेखा वर्मा, शाला प्रबन्धक समिति अध्यक्ष भय्यालाल ग्राम वि.प्र.समिति अध्यक्ष पर्वत सिंह, सचिव आनंद बागवान, सदस्य कमल सिंह, उपस्थित रहे अंत में आभार मेंटर कन्हया लाल दरिया ने व्यक्त किया।

## बैठक में खाटू श्याम मंदिर निर्माण को मिली दिशा

**आष्टा**। नगर के लिए यह गौरव और आस्था का विषय है कि खाटू श्याम बाबा का भव्य मंदिर आष्टा में आकार ले रहा है। काजीखेड़ी रोड, न्यू बायपास पर सांवरियां गमला उद्योग के समीप स्थित श्री खाटू श्याम विहार कॉलोनी में बाबा श्याम के मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मंदिर निर्माण के सुचारु संचालन और भावी व्यवस्थाओं को लेकर मंदिर निर्माण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आष्टा के वरिष्ठ समाजसेवी अनोखीलाल खंडेलवाल के सुपुत्र विजय खंडेलवाल को निर्माण समिति एवं ट्रस्ट समिति का अध्यक्ष चुना गया। जैसे ही यह घोषणा हुई, उपस्थित श्रद्धालुओं एवं समिति सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए तालियों के साथ उनका स्वागत किया।



इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने विजय खंडेलवाल को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और विश्वास दिलाया कि समस्त आष्टावासी तन-मन-धन से सहयोग कर शीघ्र ही श्री खाटू श्याम बाबा के भव्य मंदिर का निर्माण पूर्ण कराएंगे। साथ ही यह भी संकल्प लिया गया कि मंदिर निर्माण पूर्ण होने पर गाजे-बाजे के साथ बाबा श्याम का भव्य नगर आगमन कराया जाएगा।बैठक में समिति सदस्य मनोज सोनी (नाना), हंसू सोनी, विजय सोनी (खंडवा), सुशील विश्वकर्मा, अमन मेवाड़ा, हर्ष राठौर (जय दुर्गे), कालू सोनी, नरेंद्र मेहता, प्रसिद्ध भजन गायक अमोद जैन (आनंद), प्रकाश नायक, विजय टेलर, जे.पी. नायक, अजय नायक, लालू सोनी, पप्पू लखेरा सहित अन्य समिति सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने बाबा श्याम से मंदिर निर्माण कार्य निर्विघ्न एवं शीघ्र पूर्ण होने की कामना की। यह मंदिर न केवल आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि आष्टा की धार्मिक, सांस्कृतिक पहचान को भी नई ऊंचाई प्रदान करेगा।

## गुमशुदा महिला और दो नाबालिग को पिता को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पुलिस द्वारा 5 वर्ष से गुमशुदा महिला एवं दो नाबालिग बच्चों को दस्तयाब कर पिता को सौंपा। जिले में नाबालिग बच्चों की दस्तयाबी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में, अति. पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत औरएसडीओपी आकाश आमलकर के निर्देशन में थाना आष्टा पुलिस द्वारा पांच साल से गुमशुदा महिला और उसके दो नाबालिग बच्चों को सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की गई। 5 जुलाई 2021 को फरियादी देवकरण पिता बद्रीप्रसाद मालवीय, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम डेंडी द्वारा थाना आष्टा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी पत्नी अपने एक बेटे और एक बेटी 9 और 7 साल को लेकर बिना बताए घर से कहीं चली गई है। उक्त रिपोर्ट पर थाना आष्टा में अपराध पंजीबद्ध कर निरंतर तलाश की जा रही थी। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर गुमशुदा महिला और दोनों नाबालिग बच्चों को थाना इछावर क्षेत्रांतर्गत से दस्तयाब किया गया। पश्चात समस्त विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए महिला और दोनों नाबालिग बच्चों को सकुशल दस्तयाब कर नियमानुसार पिता के सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश दुबे, सउनि प्रेमसिंह ठाकुर (चौकी प्रभारी अमलाहा), प्र.आर. 534 देवराज वर्मा, प्र.आर. 335 मुकेश शर्मा,आर. 213 संजय एवं म.आर. 201 हंसा परमार की भूमिका रही।

## रतनपुर सब रेंज बीट में अनुभूति कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

वन परिक्षेत्र पूँजापुरा के अंतर्गत आने वाले रतनपुर सब रेंज के बीट कक्ष क्रमांक 497 में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को नाश्ते में पोहा जलेबी व चाय के बाद वन भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान प्राकृतिक रूप से बनाया गया स्वागत द्वार,पानी पर बना पुल,फूलों से बनाए गए प्रतीक, एनीकेट आकर्षण का केंद्र रहा। बीट प्रभारी हरीश परमार द्वारा बच्चों को वनस्पति, वृक्षों,वन्य प्राणी एवं मिट्टी और जल संरक्षण से संबंधित जानकारी दी गई। बच्चों को वनों में लगने वाली आग के कारण बताए व आग लगने,वन्य प्राणियों का शिकार की विभाग को सूचित करने के अपने दायित्व के बारे में बताया। भ्रमण के बाद आयोजन स्थल पर पहुंच कर वनों से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता रखी गई जिसका हल बच्चों ने किया। प्रथम पुरस्कार करन बामनिया, द्वितीय पुरस्कर विशाल मौर्य, तृतीय पुरस्कार तमन्ना परिहार चतुर्थ पुरस्कार नंदनी सोलंकी नेप्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य भारत सेंधव ने की।

राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त रतनपुर सरपंच हरिहर मोगरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मोगरे ने कहा जंगल को बचाना हम सभी का दायित्व है वन है तो हमारा जीवन सुरक्षित है। वृक्ष हमसे कुछ नहीं लेते वह मानव को फल औषधि ऑक्सीजन और भी बहुत कुछ देते हैं। इसीलिए हमारा दायित्व बनता है कि हम वनों की रक्षा करें। वही ग्राम रतनपुर की हाल ही में बनी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मंदाकिनी मोगरे ने बच्चों को मोटिवेट किया।उन्होंने सफल होने के सूत्र बच्चों को बताए। हरिहर मोगरे द्वारा वनों की रक्षा हेतु सभी को शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम के पश्चात बच्चों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम में बागली एसडीओ अंकित जामोद,रेंजर सत्येंद्र सिंह ठाकुर,डिप्टी रेंजर विजय मौर्य,कैलाश मुजाल्दे,मूलचंद भार्गव,तेज सिंह पवार,वन रक्षक अर्पित शर्मा,संजीव टोटा,मनोज वर्मा,नीरज परते,मोहन लाल पंचोनिया, रतनपुर के ग्रामीण श्यामलाल पटेल,विनोद द्विवेदी,राजेश देवड़ा,राजनारायण मिश्रा,कमल सेधव आदि उपस्थित रहे।

### दस दिवसीय निजानंद ज्ञानामृत सम्यकज्ञान साधना शिक्षण शिविर का शुभारंभ

# विश्वसूर्य सागर के सानिध्य में हुआ द्रव्य संग्रह ग्रंथ का वाचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में दस दिवसीय निजानंद ज्ञानामृत सम्यकज्ञान साधना शिक्षण शिविर का शुभारंभ आध्यात्मिक वातावरण के बीच हुआ। शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह आपके पुण्य का ही प्रताप है कि आपको ज्ञानगंगा में अवगाहन करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। यह शिविर जीवन में पापों के क्षय का कारण बनेगा और प्राप्त ज्ञान आत्मा को मोक्ष पथ की ओर अग्रसर करेगा।

यही ज्ञान क्रमशः केवल्यज्ञान की ओर ले जाने वाला है और साधक को सिद्धालय की यात्रा भी कराएगा। शिविर के प्रथम सत्र में नेमिचंद सिद्धांत व्रती द्वारा रचित द्रव्य संग्रह ग्रंथ का वाचन मुनिश्री ने करते हुए बताया कि जिनेन्द्र प्रभु ने द्रव्य को छह प्रकार का बताया है, जिनमें जीव और अजीव द्रव्य प्रमुख हैं। देवों और इन्द्रों से वंदनीय तीर्थंकर प्रभु के गुणों का स्मरण करते हुए मुनिश्री ने कहा कि प्रभु ने जो गुण प्राप्त किए हैं, वही गुण हमारी आत्मा में भी प्रकट हों,यही सच्ची साधना है।मुनिश्री ने मंगलाचरण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी कार्य को मंगलमय और निर्विघ्न बनाने के लिए मंगलाचरण आवश्यक है। मंगलाचरण करते समय छह बातों का ध्यान रखना चाहिए-अपने इष्ट देव का स्मरण,शास्त्र की रचना,शास्त्र का प्रयोजन,शास्त्र का परमार्थ,शास्त्र का नाम,शास्त्र के रचयिता। मुनिश्री ने कहा कि मंगलाचरण से पापों का गलन होता है तथा जीवन में सुख और शांति की प्राप्ति होती है। जिसका आचरण मंगलमय है, वही सच्चा मंगलाचरण है और हमारे पंच परमेष्ठी का आचरण सर्वथा मंगलमय है। मंगलाचरण तीन बार किया जाता है-प्रारंभ में, मध्य में और अंत में। प्रारंभ में मंगलाचरण करने से कार्य मंगलमय होता है, मध्य में इसलिए किया जाता है कि शिष्य विद्या में पारंगत हो और अंत में इसलिए कि किए गए कार्य का उत्तम फल प्राप्त हो। मंगलाचरण से नास्तिकता का नाश होता है और आस्तिकता का विकास होता है। इसी उद्देश्य से द्रव्य संग्रह ग्रंथ में तीर्थंकर प्रभु के गुणगान हेतु मंगलाचरण किया गया है। ग्रंथ में वर्णन है कि सौ इन्द्र अपने देवों के साथ तीर्थंकर की वंदना करते हैं।मुनिश्री ने जीव तत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जीव के नौ अधिकार हैं और जीव में नौ प्रकार की विशेषताएं पाई जाती हैं। जीव सिद्ध भी है और संसारी भी। जीव का स्वभाव ऊर्ध्वगमन का है, किंतु वर्तमान में विभाव अवस्था में होने के कारण वह संसार में भटक रहा है। उन्होंने कहा कि मुनियों से ऊपर गणधर देव होते हैं, जो तीर्थंकर के शासक संघ का नेतृत्व करते हैं।उपदेश के अंत में मुनिश्री ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि जीवन में संयम धारण कर रत्नत्रय-सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र-का पालन करें।

आत्मा की विशुद्धि बढ़ाकर ध्यान की प्राप्ति करें और अंततः निर्वाण को प्राप्त करें। यही द्रव्य संग्रह ग्रंथ का मूल लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण ग्रंथ में कुल 27 गाथाएँ हैं, जिनके माध्यम से जीव-तत्व और मोक्ष मार्ग का स्पष्ट विवेचन किया गया है। शिविर के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

## 25 जनवरी को मां नर्मदा जन्मोत्सव पर महाआरती के बाद होगा भंडारे का आयोजन

**देवास**। मां नर्मदा जन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी देवास जिला रेत व्यापारी एसोसिएशन द्वारा रविवार, 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे से भव्य महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन स्थल देवास नगर बायपास, ए.बी. रोड स्थित रेत मंडी, नवीन ट्रैफिक थाना के सामने रहेगा। रेत मंडी के वरिष्ठ सदस्य नितेश मालवीय ने माँ नर्मदा के जन्मोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि माँ नर्मदा केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और जीवनदायिनी शक्ति की प्रतीक हैं। इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक गायत्री राजे पवार भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेधव और रेती व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष विजय गहलोत विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत माँ नर्मदा की परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्राम, भजन-कीर्तन, प्रसादी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ की जाएँगी। साथ ही परिक्रमा मार्गों पर आदिवासी समाज को जोड़कर सेवा और सहयोग के इस अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया जाएगा, जिससे श्रद्धा के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व भी मजबूत हो। आयोजन को सफल बनाने हेतु भारत सिंह राजपूत, हरीश जी, हुकुम सिंह भालोठिया, मनोहर बालोदिया, तूफान सिंह राजपूत, बालकिशन श्रीवास्तव, सद्दाम पटेल सहित अन्य सामाजिक एवं व्यापारी बंधुओं ने श्रद्धालुओं, व्यापारी साथियों एवं नगरवासियों से परिवार सहित उपस्थित होकर माँ नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।